विविध बैंक प्रकरण संख्या 08/2022(GCMS : 2022/12) ईक्विटास स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड जिसका पंजिकृत कार्यालय 4th फ्लोर, फेज–II, स्पेन्सर प्लाजा नं. 769, माउण्ट रोड़, अन्ना सलाई, चेन्नई – 600002, तमिलनाडू तथा शाखा कार्यालय होटल एप्पल ईन के सामने, निर्माण नगर, अजमेर रोड़, डीसीएम, जयपुर– 3202019 राजस्थान बनाम 1. गुरदीप सिंह पुत्र मुख्त्यार सिंह पता वार्ड नं. 16, बींझबायला जिला श्रीगंगानगर – 335041 राजस्थान 2. गुरप्रीत कौर पत्नी श्री गुरदीप सिह पता वार्ड नं. 16, गुरूद्वारा के पास, तहसील कार्यालय जिला श्रीगंगानगर–335001 राजस्थान

29.05.2023

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी बैंक के अधिवक्ता श्री महादेव मिढ़ा उपस्थित हुए। प्रार्थी बैंक के अधिवक्ता ने कथन किया कि ईक्विटास स्मॉल फाईनेस बैंक लिमिटेड ने अप्रार्थीगण गुरदीप सिंह एवं गुरप्रीत कौर द्वारा बैंक के ऋण का भुगतान न किये जाने के कारण उनके द्वारा बैंक ऋण की सुरक्षा की एवज में अप्रार्थी गुरदीप सिंह **सम्पत्ति पट्टा नं. 174, प्लॉट संख्या 1323 (क्षेत्रफल 1328 वर्गफीट), ग्राम बींझबायला तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगानगर का** भौतिक कब्जा प्राप्त करने के लिए धारा 14 वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत एक प्रार्थना पत्र दिनांक 12.09.2022 को प्रस्तुत कर रखा है और अब चूंकि प्रार्थी बैंक ऋणी के विरूद्ध इस प्रकरण में किसी प्रकार की आगे कोई कार्यवाई नहीं चाहता है **अर्थात नॉट प्रैस करता है और अगर इस** प्रकरण में इसी स्टेज पर कार्यवाई समाप्त कर दी जाती है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है।

मैने, उक्त तर्कों पर मनन किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया कि दिनांक 22.12.2021 को एक प्रार्थना पत्र प्रार्थी ईक्विटास स्मॉल फाईनेंस बैंक द्वारा धारा 14 वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत अप्रार्थीगण गुरदीप सिंह एवं गुरप्रीत कौर के विरूद्ध पेश कर ऋण की सुरक्षा की एवज में अप्रार्थी गुरदीप सिंह की **सम्पत्ति पट्टा नं. 174, प्लॉट संख्या 1323 (क्षेत्रफल 1328 वर्गफीट), ग्राम बींझबायला**

Signature Not Verified
Digitally signed by Sourabh Swami
Date: 2023.06.01 13:04:31 IST
Reason: SelfAttested

जिला मजिस्ट्रेट
श्री गंगानगर

तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगानगर का भौतिक कब्जा दिलवाने के लिए प्रस्तुत किया था और **अब चूंकि प्रार्थी बैंक इस प्रकरण में आगे किसी प्रकार से कोई कार्रवाई नहीं चाहते है अर्थात नॉट प्रैस करते है। इस आश्य का कथन प्रार्थी बैंक के अधिवक्ता ने फर्द अहकाम के हाशिये पर भी अंकित किया है। इसलिए इस प्रकरण को इसी आधार पर खारिज करना उचित होगा।**

अतः उक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी ईक्विटास स्मॉल फाईनेन्स बैंक लि. द्वारा वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की **धारा 14 के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रार्थना खारिज किया जाता है।** आदेश की प्रति प्रार्थी बैंक को भिजवाई जावे। पत्रावली बाद तरतीब तक़मील दाख़िल दफ्तर हो। पत्रावली बाद तरतीब तक़मील दाख़िल दफ्तर हो।

यह आदेश आज दिनांक 29.05.2023 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(सौरभ स्वामी)
जिला मजिस्ट्रेट
श्रीगंगानगर

जिला मजिस्ट्रेट
श्री गंगानगर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sourabh Swami
Date: 2023.06.01 13:04:31 IST
Reason: SelfAttested